हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, रविवार, 1 जून 2025

# कोरोना मामलों में वृद्धि पर नागपुर मनपा सतर्क

नागपुर.

राज्य में कोरोना के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए नागपुर महानगर पालिका ने सतर्कता बरतने का आह्वान किया है। नागरिकों से कोरोना से बचाव के लिए सुरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी है। प्रशासन ने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल (मेडिकल) इंदिरा गांधी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल (मेयो) में कोरोना जांच व उपचार की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। आवश्यकता होने पर स्वास्थ्य विभाग से जुड़े विविध केंद्रों में जांच शुरुआत की जाएगी।

**मौसम की विषमता का असर**

मई के महीने में भीषण गर्मी की बजाय बारिश हो रही है। मौसम की विषमता का असर सीधे स्वास्थ्य पर हो रहा है। इन दिनों सर्दी, जुकाम के मरीज बढ़े हैं। संक्रमण से बीमारियों का खतरा बढ़ा है। राज्य के कुछ शहरों में कोरोना का खतरा बढ़ गया है। इसके मद्देनजर स्थानीय प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ चुका है। हालांकि शहर में अब तक कोई भी गंभीर मरीज नहीं मिला है। लेकिन प्रशासन ने मेडिकल, मेयो सहित अन्य सरकारी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा है।





**5 मरीज स्वस्थ, 3 होम आइसोलेट**

राज्य के अन्य शहरों में कोरोना का नया वेरिएंट एन-7 तेजी से फैल रहा है। नागपुर जिले में स्थिति सामान्य बनी हुई है। मनपा के स्वास्थ्य विभाग में मई में सर्दी, जुकाम के 9 मरीज दर्ज किये गये हैं। इनमें 5 मरीज ठीक हो गये। जबकि 4 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। उनका उपचार शुरु है। उनकी हालत सामान्य बताई गई है। डाक्टरों की माने तो इस समय मौसम की विषमता स्वास्थ्य पर असर करने से कोरोना के लक्षण पाए जा सकते है। लेकिन संक्रमण का खतरा बना है।

**मेयो-मेडिकल में आपात तैयारी :**

सर्दी, जुकाम होने पर विशेषज डाक्टरों से जांच व उपचार करने की सलाह दी गई है। सर्वाधिक खतरा बुजुर्गों व बच्चों को बताया गया है। मेडिकल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अविनाश गावंडे ने ने बताया कि मेडिकल में आपात स्थिति के लिए एक वार्ड आरक्षित है। मेयो के अधिष्ठाता डॉ. रवि चव्हाण ने बताया कि मेयो में भी सभी तैयारी से एक 10 बिस्तर का वार्ड तैयार है। अब तक कोई मरीज भर्ती की स्थिति में नहीं पाया गया है। भविष्य में ऐसी नौबत आयी तो पृथक वार्ड तैयार किया जाएगा। दवाओं समेत सभी जरुरी सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

### सर्दी-खांसी को न करें नजरअंदाज

मनपा ने बुखार गले में खराश, सर्दी-खांसी, बुखार आदि लक्षणों को नजरअंदाज न करने की सलाह दी है। यदि ये लक्षण 48 घंटे से अधिक समय तक बने रहते हैं, तो कोविड-19 परीक्षण कराने की सलाह दी गई है। विशेष रूप से बुजुर्गों और मधुमेह, उच्च रक्तचाप या हृदय रोग जैसी पुरानी बीमारियों से ग्रसित लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। राज्य में महाराष्ट्र में 30 मई तक कुल 681 मामले दर्ज किये गए हैं। मुंबई में सर्वाधिक 411 मामले दर्ज हुए हैं। इसके बाद पुणे का स्थान है। राज्य में वर्तमान में 467 सक्रिय मामले हैं। जबकि 207 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं और 7 मौतें दर्ज की गई हैं। जिनमें अधिकांश मरीजों को पुरानी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थीं।

### नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील

मनपा प्रशासन ने नागरिकों से घबराने की बजाय सतर्क रहने, मास्क पहनने, हाथ धोने और सामाजिक दूरी बनाए रखने जैसे बुनियादी सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है। यदि कोई व्यक्ति कोविड-19 के लक्षण महसूस करता है, तो उसे तुरंत निकटतम अस्पताल में जाकर जांच व उपचार करवाना चाहि। नागपुर में कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है। सतर्कता और सावधानी बरतना आवश्यक है ताकि संक्रमण फैलने से रोका

## एमआईडीसी में संदिग्ध हालत में ट्रक चालक का शव मिला

### > पुलिस कर रही मामले की जांच

नागपुर.

एमआईडीसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंसी नगर मेट्रो स्टेशन के पास आज दोपहर करीब 3 बजे एक ट्रक चालक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान संजय जयशंकर मोहने (उम्र 36 वर्ष, गोरखेड, छिंदवाडा निवासी) के रूप में हुई है, जो नागपुर के लोकमान्य नगर निवासी ट्रक मालिक राजेश शेषनाथ उपाध्याय (उम्र 47 वर्ष) के ट्रक पर चालक के रूप में कार्यरत था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संजय को शराब की लत थी और कुछ दिनों पहले उसने ट्रक मालिक के कुछ लोहे के सामान को कबाड़ी को बेच दिया था। इस बात की जानकारी जब मालिक राजेश उपाध्याय को मिली तो आज सुबह दोनों के बीच इस विषय पर बहस हुई। राजेश ने उसे इस बात पर डांटा, जिससे नाराज होकर संजय मौके से चला गया। सूत्रों की माने तो उसे समय उनकी आपस में हाथापाई भी हुई थी। बताया जा रहा है कि वह सीधा शराब भट्टी पर गया और शराब पीने के बाद लापता हो गया।

बाद में दोपहर में कुछ लोगों ने बंसी नगर मेट्रो स्टेशन के पास दीवार के किनारे कचरे के ढेर के पास उसका शव पड़ा देखा और तुरंत एमआईडीसी पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही ठाणेदार गोकुल महाजन, पुलिस निरीक्षक सपना निरंजने, सहायक पुलिस निरीक्षक संजय बन्सोड और पुलिस स्टाफ घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस के अनुसार, शव पर किसी प्रकार की चोट या हिंसा के निशान नहीं पाए गए हैं, जिससे फिलहाल आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया गया है। शव विच्छेदन रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का असली कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

## अहिल्यादेवी होलकर त्रिशताब्दी जयंती पर भव्य बाइक रैली

### धनगर समाज का उत्साहपूर्ण सहभाग



नागपुर.

राजमाता पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की त्रिशताब्दी जयंती के उपलक्ष्य में नागपुर में पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर स्मृति समिति ने एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया. इस रैली ने शहर में उत्साह और एकता का अनूठा दृश्य प्रस्तुत किया. धनगर समाज के भाई-बहनों की भारी संख्या में उपस्थिति ने इस आयोजन को विशेष बना दिया. बाइक रैली का शुभारंभ सुबह किया गया और समापन अहिल्यादेवी होलकर चौक, नागपुर में हुआ. समापन स्थल पर श्रद्धा, गर्व और ऊर्जा से परिपूर्ण माहौल देखने को मिला. रैली के दौरान प्रतिभागियों ने अहिल्यादेवी होलकर के जीवन, उनके प्रशासनिक कौशल, समाजसेवा और धर्मनिष्ठता को याद किया.

कार्यक्रम में युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक, सभी की भागीदारी उल्लेखनीय रही. इस आयोजन ने ना केवल ऐतिहासिक विरासत को सम्मान दिया, बल्कि समाज में एकता, जागरूकता और प्रेरणा का संदेश भी दिया.

## आरपीएफ सुविधा कैंटीन को मिला नया भवन

### > डीजी मुनव्वर खुर्शीद ने किया उद्घाटन

नागपुर.

रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त मुनव्वर खुर्शीद ने नागपुर मंडल के निरीक्षण के दौरान सुविधा कैंटीन के नवनिर्मित भवन का विधिवत उद्घाटन किया। यह भवन बेली शॉप कॉलोनी, मोतीबाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर के समीप बनाया गया है। इस अवसर पर आरपीएफ ने महानिरीक्षक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

उद्घाटन के उपरांत उन्होंने कैंटीन में उपलब्ध व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और उसकी प्रशंसा की।

साथ ही, नागपुर मंडल द्वारा सुरक्षा बलों के लिए दी जा रही सेवाओं की सराहना भी की। इस कार्यक्रम में मंडल सुरक्षा आयुक्त दीप चंद्र आर्य, निरीक्षक स्वप्न रेखा (मोतीबाग), निरीक्षक कुलवंत सिंह (सीआईबी) सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। गौरतलब है कि यह सुविधा कैंटीन, पूर्व में मोतीबाग स्थित रिजर्व लाइन में संचालित थी, जिसे अब नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। यह कैंटीन केंद्रीय पुलिस कैंटीन योजना के अंतर्गत संचालित की जाती है, जिसमें RPF, रेलवे पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के जवानों व उनके परिवारों को रियायती दरों पर दैनिक उपयोग की वस्तुएं उपलब्ध कराई जाती हैं।



## घर में घुसकर महिला के साथ की अभद्रता

### > आरोपी को दो अलग धाराओं में कुल तीन साल की सजा

नागपुर.

जिला सत्र न्यायालय के न्यायाधीश तथा प्रथमवर्ग न्याय दंडाधिकारी मैमुना सुलताना एम. के न्यायालय ने एक पुराने आपराधिक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। न्यायालय ने घर में घुसकर महिला के साथ अभद्रता करने के आरोप में आकाश विलास रंगारी (उम्र 27 वर्ष, न्यू सुभेदार लेआउट निवासी को दोषी ठहराते हुए उसे कुल तीन साल के कारावास और 10,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह मामला वर्ष 2016 का है, जब 16 सितंबर को रात 8:30 बजे के आसपास आरोपी ने हुडकेश्वर थाना क्षेत्र में स्थित एक 35 वर्षीय महिला के घर में अवैध रूप से प्रवेश किया। उस समय महिला का पति कार्य के सिलसिले में बाहर गया हुआ था। आरोपी ने महिला से कहा, "तुने मेरे भाई को यहां से क्यों निकाल दिया?" और उसके बाद महिला का हाथ पकड़कर उसके साथ अभद्रता की। पीड़िता की शिकायत पर हुडकेश्वर थाने में भारतीय दंड विधान की धारा 452 और 354 के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को अगले ही दिन यानी 17 सितंबर 2016 को गिरफ्तार कर लिया गया था। तत्कालीन पुलिस उपनिरीक्षक पी.एम. लाकडे ने इस मामले की जांच कर अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। मामले में सरकारी पक्ष की ओर से अधिवक्ता रेश्मा चरडे ने पैरवी की, जबकि आरोपी की ओर से अधिवक्ता खडसे ने पक्ष रखा। कोर्ट कार्यवाही में पुलिस हवालदार अभिषेक कश्यप और महिला पोलीस अधिकारी ममता डोकरमारे ने पैरवी अधिकारी के रूप में कार्य किया। साक्ष्य और गवाहों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को धारा 452 के अंतर्गत 1 वर्ष का कारावास और 4,000 का जुर्माना (जुर्माना न भरने पर 1 माह अतिरिक्त कारावास), तथा धारा 354 के अंतर्गत 2 वर्ष का कारावास और 6,000 का जुर्माना (जुर्माना न भरने पर 2 माह अतिरिक्त कारावास) की सजा सुनाई।

## 'पिता की डांट से नाराज़ होकर घर से निकली नाबालिग

**नागपुर.** मोबाइल के अत्यधिक उपयोग पर पिता द्वारा डांटे जाने के बाद एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की बिना किसी को बताए घर से निकल गई। यह घटना नागपुर के वाठोड़ा इलाके की है। परिजनों की शिकायत पर हरकत में आई पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए लड़की को वर्धा जिले से ढूंढ निकाला और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय नाबालिग मोबाइल में रील्स देखने की आदी थी। बुधवार सुबह करीब 11 बजे उसके पिता ने उसे समझाया कि मोबाइल देखने की बजाय घर के कामों में हाथ बंटाए। यह बात उसे नागवार गुज़री और वह नाराज़ होकर बिना बताए घर से निकल गई। लगभग दो घंटे तक घर में दिखाई न देने पर परिजनों ने पहले आसपास खोजबीन की, लेकिन जब कोई जानकारी नहीं मिली, तो वाठोड़ा पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। क्राइम ब्रांच ने मामले की गंभीरता को समझते हुए त्वरित कार्रवाई की। मोबाइल लोकेशन ट्रेस करने पर पता चला कि लड़की वर्धा जिले में मौजूद है। तुरंत एक टीम वर्धा भेजी गई, जहां पैंथर चौक स्थित गौरक्षण सेवा संस्था से लड़की को सकुशल बरामद किया गया। पुलिस ने आवश्यक दस्तावेज़ी प्रक्रिया पूरी करने के बाद नाबालिग को सुरक्षित रूप से उसके परिजनों को सौंप दिया।

## कुख्यात गुंडा 'भेंडी' तड़ीपार

**नागपुर.** शहर में लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले कुख्यात गुंडे लष्करीबाग, पाचपावली निवासी तुषार उर्फ 'भेंडी' को पुलिस ने एक वर्ष के लिए नागपुर शहर और जिले से तड़ीपार कर दिया है।

यह कार्रवाई जोन 3 की पुलिस उपायुक्त महक स्वामी के आदेश पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तुषार उर्फ भेंडी के खिलाफ पाचपावली थाने में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

इससे पहले भी उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद उसकी आपराधिक गतिविधियों में कोई कमी नहीं आई। पुलिस ने जब उसकी गतिविधियों पर नजर रखी और पाया कि वह कानून-व्यवस्था के लिए खतरा बना हुआ है, तो अंततः उसे एक वर्ष के लिए तड़ीपार करने का निर्णय लिया गया। तड़ीपारी की अवधि के दौरान वह नागपुर शहर और जिले की सीमाओं में प्रवेश नहीं कर सकेगा। पुलिस ने उसे जिले से बाहर वर्धा स्थित उसके रिश्तेदार के यहां भेज दिया है।

## एलओसी पार करने वाली सुनीता को लेकर बढ़ी खुफिया एजेंसियों की चिंता

### > बर्फ, खाई और नदी पार कर दो घंटे में पहुंची पाकिस्तान, पूछताछ जारी

नागपुर.

एलओसी (नियंत्रण रेखा) के पास बर्फीले पहाड़ों, खतरनाक खाइयों और बहती नदी को पार कर दो घंटे में पाकिस्तान पहुंचने वाली महाराष्ट्र की सुनीता गटलेवार की कहानी अब सुरक्षा एजेंसियों के लिए नई चुनौती बन चुकी है। 14 मई को पाकिस्तान में पकड़ी गई सुनीता को पाकिस्तानी रेंजर्स ने पूछताछ के बाद बीएसएफ के हवाले कर दिया। फिलहाल, भारतीय सुरक्षा एजेंसियां उससे लगातार पूछताछ कर रही हैं। जानकारी के मुताबिक, 6 मई को ऑपरेशन सिंदूर के बाद से एलओसी पर भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई थी। दोनों देशों के सैनिक सीमा पर तैनात थे। इसी बीच 14 मई को सुनीता ने एलओसी पार कर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में प्रवेश कर लिया। उसने सुबह 11 बजे कारगिल के अंतिम गांव से पैदल यात्रा शुरू की। गूगल मैप की मदद से वह पाकिस्तानी नागरिक जुल्फिकार के ठिकाने की ओर बढ़ी। यह दूरी करीब 4 किमी थी, लेकिन रास्ता बेहद जोखिमभरा था।

रास्ते में बर्फ से ढके पहाड़, खाई और एक नदी को पार करते हुए सुनीता गिरकर चोटिल हो गई। इसके बावजूद उसने हार नहीं मानी और आगे बढ़ती रही। एलओसी पार करते ही पाकिस्तानी रेंजर्स ने उसे घेर लिया और आंखों पर पट्टी बांधकर अज्ञात स्थान पर ले गए। वहां उससे लंबी पूछताछ की गई। प्रारंभ में पाक रेंजर्स ने इस घटना को गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन जब मामला आला अधिकारियों तक पहुंचा तो पाकिस्तानी सेना सक्रिय हो गई। सुनीता ने पूछताछ में बताया कि उसका इरादा जासूसी या किसी गलत मंशा का नहीं था। उसने पीओके में स्टोन कारोबार के सिलसिले में जुल्फिकार से मिलने की बात कही है।

इससे पहले भी वह दो बार एलओसी पार करने की कोशिश कर चुकी थी, जिससे उसे इलाके की भौगोलिक जानकारी थी।

### यात्राओं और फंडिंग पर सवाल

पुलिस के अनुसार, सुनीता 1 मई को नागपुर पहुंची और 2 मई को मानसिक उपचार के दस्तावेज तैयार करवाए। 4 मई को वह अमृतसर के लिए रवाना हो गई। इतनी जल्दी की गई यात्राओं और तैयारी ने पुलिस को संदेह में डाल दिया है। साथ ही, उसकी बैंक और यूपीआई जांच में सामने आया है कि कुछ भारतीयों ने उसे ऑनलाइन पैसे भेजे हैं। पूछताछ में वह इन लोगों को जान-पहचान का बताकर पैसे मांगने की बात कह रही है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे मामले को लेकर गंभीर हैं। सुनीता के पाक में प्रवेश, गूगल मैप के इस्तेमाल और सीमाई क्षेत्र की सुरक्षा में चूक जैसे सवालों ने खुफिया एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। जांच जारी है और आने वाले दिनों में इस पूरे मामले की गहराई से पड़ताल की जाएगी।



सुनीता जामगड़े

## दामाद ने सास पर किया जानलेवा हमला, आरोपी हिरासत में

नागपुर.

कोतवाली थाना क्षेत्र के जूनी शुक्रवारी इलाके में घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब एक दामाद ने गुस्से में आकर अपनी सास पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी की पहचान अमन कुंदन नरहरे (22), निवासी जूनी शुक्रवारी, के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घायल सास नमिता प्रवीण शाहू (43), जूनी शुक्रवारी निवासी, को गंभीर अवस्था में मेयो अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमन की शादी नमिता की 19 वर्षीय बेटी भूमि से हुई है। शनिवार सुबह करीब 11:40 बजे अमन और भूमि के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर भूमि ने अपने माता-पिता को फोन कर स्थिति की जानकारी दी। कुछ ही देर में नमिता और उनके पति मौके पर पहुंचे, लेकिन अमन पहले से ही आक्रोशित था। उसने गुस्से में कहा कि "तुम हमारे बीच मत बोलो, नहीं तो जान से मार दूंगा।" परिजन अमन को समझाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वह बेकाबू हो गया। अचानक उसने घर में रखा चाकू उठाया और नमिता पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। हमले में नमिता के सिर और गर्दन पर गंभीर चोटें आईं। घायल को तुरंत मेयो अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। पुलिस ने आरोपी अमन के खिलाफ हत्या के प्रयास के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। कोतवाली पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

## सेंट्रल जेल में बन रहा नया फांसी यार्ड

### दो दोषियों को एकसाथ फांसी दी जा सकेगी

नागपुर.

सेंट्रल जेल में अब एक साथ दो दोषियों को फांसी देने की सुविधा वाला फांसी यार्ड लगभग तैयार हो चुका है। इससे नागपुर उन चुनिंदा शहरों की सूची में शामिल हो जाएगा जहां मृत्युदंड की सजा को एकसाथ दो अपराधियों पर लागू किया जा सकेगा। महाराष्ट्र की नागपुर सेंट्रल जेल में नया फांसी यार्ड लगभग बनकर तैयार है। पुराने और आउटडेटेड यार्ड की जगह अब अत्याधुनिक प्रणाली से युक्त नया तख्ता बनाया गया है। इसकी साइज 2.5 बाय 1.2 मीटर रखी गई है। फांसी का ये यार्ड दो अपराधियों को एक साथ लटकाने की क्षमता रखता है, जो देश में बहुत कम जगहों पर उपलब्ध है। याद दिला दें कि नागपुर जेल में आखिरी बार वर्ष 2015 में याकूब मेमन को फांसी दी गई थी, जो 1993 के मुंबई बम ब्लास्ट का दोषी था। उस दौरान सामने आई तकनीकी और प्रशासनिक चुनौतियों के बाद इस नए फांसी यार्ड के निर्माण का निर्णय लिया गया।





गृह मंत्रालय ने फरवरी 2020 में इसके निर्माण का आदेश दिया था। पीडब्ल्यूडी को कार्य की ज़िम्मेदारी दी गई और दिसंबर 2022 में वर्क ऑर्डर जारी हुआ। अब केवल प्लास्टर का कार्य बचा है और अधिकारियों का दावा है कि दो महीने में यार्ड पूरी तरह से चालू हो जाएगा।

फांसी के तंत्र को विकसित करने के लिए वीएनआईटी नागपुर से तकनीकी सहायता ली जा रही है। सूत्रों की मानें तो विशेषज्ञों की टीम ने साइट का निरीक्षण भी कर लिया है और अगले 15 दिनों में पूरा सिस्टम तैयार कर लिया जाएगा। दुनिया भर में केवल 55 देश ही ऐसे हैं जहां फांसी की सजा दी जाती है, भारत उनमें शामिल है। जबकि 144 देशों ने इसे खत्म कर दिया है। हमारे पड़ोसी देशों में केवल नेपाल ने फांसी बंद की है।

भारत में हर साल औसतन 131 अपराधियों को मौत की सजा सुनाई जाती है। 2024 में सबसे ज्यादा 130 मामले उत्तर प्रदेश में सामने आए, इसके बाद गुजरात में 71, महाराष्ट्र में 42 और पश्चिम बंगाल में 37 मामलों में फांसी की सजा सुनाई गई। वर्तमान में देशभर में 544 ऐसे कैदी हैं जिन्हें फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दो वर्षों में किसी भी सजा को अंतिम मुहर नहीं दी है।

## शहर में घूमते हुए दो तड़ीपार अपराधी गिरफ्तार

नागपुर.

क्राइम ब्रांच यूनिट-1 की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शहर की सीमा में घूम रहे दो तड़ीपार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिनेश शंकर आकोडे (35), निवासी इंदिरा माता नगर, एमआईडीसी और हर्ष राजेश काहार (22), निवासी भीमनगर झोपड़पट्टी, एमआईडीसी के रूप में हुई है। पुलिस ने दिनेश के पास से एक चाकू भी बरामद किया है। क्राइम ब्रांच को गुप्त सूचना मिली थी कि तड़ीपार घोषित दिनेश आकोडे इंदिरा माता नगर में हनुमान मंदिर के पास देखा गया है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने इलाके में जाल बिछाकर दिनेश को दबोच लिया।

तलाशी लेने पर उसके पास से चाकू बरामद हुआ, जिसके बाद उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। इसी तरह नियमित पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि एक अन्य तड़ीपार अपराधी हर्ष काहार ने भी शहर में प्रवेश किया है।

पुलिस ने नेक्सा शोरूम के पास, एमआईडीसी क्षेत्र में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जब दोनों आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड खंगाले गए, तो पता चला कि डीसीपी जोन-1 द्वारा उन्हें दो वर्षों के लिए तड़ीपार किया गया था, बावजूद इसके वे शहर में अवैध रूप से घूम रहे थे। दोनों के खिलाफ एमआईडीसी थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।





CMYK

# बाघ के हमले से किसान की मौत



**पारशिवनी.**

वन विभाग सीमा के नेउरवाडा ग्राम के पास खेत में काम कर रहे किसान रवि कवडु कालसर्पे (मू. नेउरवाडा, उम्र 38) को बाघ ने शिकार बनाया। किसान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। यह घटना शनिवार की सुबह हुई। घटना की जानकारी मिलते ही पारशिवनी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतक का शव लेकर ग्रामीण अस्पताल में दाखिल किया।

मिली जानकारी के अनुसार, किसान रवि कालसर्पे और उसकी पत्नी दोनों शनिवार की सुबह खेत में काम कर रहे थे। अचानक बाघ ने किसान पर हमला किया और उसे घसीटते हुए ले गया, जहां उसकी बाघ के हमले में मृत्यु हो गई। जैसे ही घटना की जानकारी आस-पड़ोस के गांवों में पहुंची, बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए।

इसी दौरान पारशिवनी पुलिस ने घटनास्थल से रवि की लाश को आनन-फानन में अस्पताल ले गए। इसी बात को लेकर पुलिस और स्थानीय नागरिकों में बड़ा बवाल हुआ। पुलिस वाहन के सामने लोगों ने पुलिस को घेर लिया। कहा गया कि जब तक लाश घटनास्थल पर नहीं लाई जाती, तब तक कोई कार्रवाई नहीं होगी और शव स्वीकार नहीं किया जाएगा। वन विभाग के अधिकारी जब तक घटनास्थल पर नहीं आते, तब तक लाश वहीं रखी जाएगी—इस तरह की मांग की जा रही थी।

घटनास्थल का माहौल देखते हुए पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों को दल-बल के साथ वहां बुलाया गया। जहां स्थानीय नागरिकों और पुलिस के बीच लाश को लेकर भारी बहस और तनाव का माहौल दिखाई दे रहा था।

## > पुलिस और वन विभाग के रवैये पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश

### वन विभाग के आला अधिकारी घंटों नदारद

घटना की जानकारी मिलने के बावजूद वन विभाग के अधिकारी काफी समय तक घटनास्थल पर नहीं पहुंचे। जिससे वहां जमा भीड़ में गुस्सा दिखाई दिया। पुलिस ने आनन-फानन में वन विभाग की गैरमौजूदगी में ही घटनास्थल से शव उठाकर ले गए, जिससे पुलिस विभाग के खिलाफ लोगों में और भी गुस्सा बढ़ गया। इसी कारण स्थानीय लोगों ने पुलिस वाहन को रोककर विरोध जताया।

### परिवार ने स्वीकार नहीं किया शव

इस बात को लेकर पुलिस और नागरिकों में बहस होती रही। बढ़ती भीड़ को देखते हुए तत्काल कार्रवाई दल, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर बुलाए गए। लोगों का आक्रोश देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और वन विभाग की मौजूदगी में रवि का शव दोपहर को फिर से ग्रामीण अस्पताल से घटनास्थल पर लाना पड़ा। तब जाकर कहीं जन आक्रोश कम होता दिखाई दिया।

### मंत्रियों की ग्रामीणों के साथ बैठक हुई थी

जिसमें बाघ को पकड़ने के लिए युद्ध स्तर पर उपाय योजना करने का आश्वासन दिया गया था। मगर बाघ के हमलों की घटनाओं में कमी आने के बजाय और भी किसान अपनी जान गँवा रहे हैं। वन विभाग के अधिकारी बाघ को पकड़ने का दिखावा कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। मंत्री महोदय भी ग्रामीणों को भरोसा देकर किसानों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं—इस तरह के आरोप स्थानीय नागरिकों द्वारा लगाए जा रहे हैं।

# नागपुर ग्रामीण कांग्रेस की अहम बैठक में आगामी चुनावों और संगठनात्मक मजबूती को लेकर हुई व्यापक चर्चा

**वाडी.**




नागपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आज गणेशपेठ स्थित कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी जिला परिषद, पंचायत समिति, नगर परिषद एवं नगर पंचायत चुनावों को लेकर रणनीति तय करने के साथ-साथ संगठन को मजबूत करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता नागपुर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी रणजीत कांबले ने की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुनील केदार, सांसद श्यामकुमार बर्वे, विधायक संजय मेश्राम, नागपुर जिला कांग्रेस के प्रभारी अध्यक्ष बाबा आष्टनकर, कार्यकारी अध्यक्ष अश्विन बैस, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष मुक्ता कोक्कडे, जिला परिषद उपाध्यक्ष कुंदा राऊत, तथा पूर्व सभापति अवंतिका लेकुरवाडे सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। बैठक में जिले भर से बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इनमें SQ जमा, हुकूमचंद आमधरे, तक्षशिला वाघधरे, प्रकाश वसु, तुळशीराम कालमेघ, राजा तिडके, श्रीराम काले, ज्योति सिरस्कर, राजू कुसुंबे, मिलिंद सुटे, दिनेश ढोले, सुनीता ठाकरे, अरुण बालपांडे, प्रकाश खापरे, अरुण हटवार, तापेश्वर वैद्य, ग्यानेश्वर वानखेडे, छाया बनसिंगे, वंदना बालपांडे, संजय जगताप, दिशा चंकापुरे, गोविंदा ठाकरे, श्रवण भिंगारे, विनोद उमरेडकर, रमेश दुबे, प्रकाश कोकाटे, उपसराव भुते, अनिल पाटील, आशीष पाटिल, मिथिलेश कन्हेरे, अनता वाघ, सतीश लेकुड़वाड़े, अशोक भागवत, सतीश चव्हाण, वैभव घोंगे, चेतन देशमुख, विष्णू कोक्कडे, दयाराम भोयर, अशोक चिखले, बंटी निंबोणे, संदीप भलावी, इरफान, बबन झाडे, शैलेश थोराने, मंगेश चोखंद्रे, किशोर नागपूरकर, पंकज फलके, गौतम तिरपुडे, अशोक गडलिंगे, संजय जीवनकर, ईशान जंगले, गोकुळ जुमनाके, निखिल रंगारी, अरुणा पगारे, नीता मडावी, पदम डेहनकर, विनोद नोकरिया, रितेश दिग्रसे, आकाश गायकवाड, फिरोज शेख आदि शामिल रहे। बैठक में जिला स्तर के समस्त पदाधिकारी, तालुका अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, सेवा दल, एनएसयूआई, इंटक, कांग्रेस के विभिन्न सेल के अध्यक्ष व सदस्य, जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य, ग्राम पंचायत सरपंच, बाजार समिति व सेवा सहकारी संस्थाओं के कांग्रेस से जुड़े सभापति व उपसभापति भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में सभी नेताओं ने आगामी स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनावों के मद्देनजर कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मैदान में उतरने का आह्वान किया। साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, प्रचार-प्रसार रणनीति, जनसंपर्क अभियान और संगठन विस्तार के लिए दिशा-निर्देश भी दिए गए।

# उभरते सितारे का 'भारत के वीर सपूत' कार्यक्रम

**नागपुर.**

भारत के वीर सपूत जिसका शाब्दिक अर्थ है भारत के बहादुर बेटे, जिन्होंने देश के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया या जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह वाक्य देश भक्ति, वीरता और बलिदान के मूल्यों का प्रतीक है। यह एक ऐसा वाक्यांश है जिसका उपयोग भारत के महान व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए किया जाता है। इन व्यक्तियों में स्वतंत्रता सेनानी, सैनिक, वैज्ञानिक, कलाकार और अन्य लोग शामिल हैं, जिन्होंने देश के लिए असाधारण कार्य किया है। और भारत को गौरवान्वित किया है। यह बातें संयोजक युवराज चौधरी ने बच्चों को समझाई।

आज यहां सभी बच्चों का अभिनंदन। यह एक ऐसी थीम है, जिसमे राष्ट्र पहले होना चाहिए। जितने भी फौजी हैं, जब वह अपनी ड्यूटी पर जाते हैं तो घर को भूल जाते हैं। यह विचार कैलाश रेड्डी जी ने बच्चों और उनके अभिभावकों के बीच रखे। विदर्भ हिंदी साहित्य सम्मेलन का नवोदित प्रतिभाओं को समर्पित उपक्रम 'उभरते सितारे' का आयोजन हिंदी मोर भवन के उत्कर्ष हॉल में किया गया। कार्यक्रम का विषय 'भारत के वीर सपूत' पर आधारित ज्ञानवर्धक, मनोरंजन और संगीतमय प्रस्तुतियों से भरा रहा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप मे पैरामिलिट्री फोर्स के सेवानिवृत अधिकारी



श्री कैलाश रेड्डी जी उपस्थित थे ।

इनका सम्मान संयोजक युवराज चौधरी और सहसंयोजिका वैशाली मदारे ने स्मृति चिन्ह देकर किया। सर्वप्रथम, कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए, प्रशांत शंभरकर ने 'भारत के वीर सपूत' पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर, विषम परिस्थितियों में दसवीं कक्षा की परीक्षा अच्छे नंबरों से पास करने के लिए अर्चिता लखोटे को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात, बच्चों ने भी इस विषय पर अपने विचार रखते हुए अपने गीतों और नृत्य से सबको प्रभावित किया। जिसमें, भारत के वीर सपूत पर एक कविता संपूर्णा रेमंडल ने कही। अथांग भैसारे, विधि कृपलानी, दुबई से आयी देवांशी तलरेजा ने सुंदर नृत्य से सब मन जीत लिया। वियोमी रेड्डी, काव्या कोल्हे, शिवम रेड्डी, विधि कृपलानी अनुया आचार्य, देवांशी तलरेजा, राम बागल, अर्चिता लखोटे और कीबोर्ड बजाकर सांची मंगवानी ने सुंदर गीतों की प्रस्तुति दी।

# नौकर निकले चोर, शिकायत के बाद दुकानदार पर ही मामला दर्ज

**पारशिवनी.**

पारशिवनी के पुराने बस स्थानक परिसर स्थित रेडीमेड कपड़ों की दुकान "एम सन्स" के मालिक दिनेश राऊत को उस समय बड़ा झटका लगा जब उनके ही तीन नौकरों द्वारा दुकान से चोरी किए जाने का मामला उजागर हुआ। लेकिन इससे भी बड़ा झटका तब लगा जब चोरी के आरोपियों ने पलटकर खुद दुकानदार के खिलाफ मारपीट, गालीगलौज और मोबाइल छिनने की शिकायत कर दी, जिसके आधार पर दुकानदार पर ही मामला दर्ज कर लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एम सन्स नामक रेडीमेड कपड़ों की दुकान में तीन नौकर कई वर्षों से कार्यरत थे। बीते कुछ समय से दुकान से कपड़ों की लगातार हो रही कमी के कारण मालिक दिनेश राऊत को संदेह हुआ। उन्होंने नौकरों पर निगरानी रखी, जिसके बाद तीनों नौकरों को कपड़े चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर तीनों ने लगभग 6 लाख रुपये मूल्य के कपड़े चोरी करने की बात कबूल की। इसके बाद यह मामला पारशिवनी पुलिस थाने में पहुंचा। पुलिस के सामने ही तीनों ने अपना जुर्म स्वीकार किया। मामले को आपसी सहमति से सुलझाने के उद्देश्य से नौकरों के परिजनों की मौजूदगी में समझौता हुआ और दुकानदार ने शिकायत वापस ले ली। लेकिन मामला यहीं नहीं रुका। अगले ही दिन तीनों नौकरों ने दुकानदार दिनेश राऊत के खिलाफ मारपीट, गालीगलौज और मोबाइल छिनने की शिकायत दर्ज कर दी। पुलिस ने इस शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दिनेश राऊत के खिलाफ धारा 118(1), 351(2), और 352 के तहत मामला दर्ज कर लिया। इस पूरे घटनाक्रम से आहत होकर दुकानदार दिनेश राऊत ने पत्रकार परिषद बुलाकर पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए और कहा, "चोर चोरी करें और दुकानदार ही अपराधी बना दिया जाए, यह सरासर अन्याय है।" उन्होंने बताया कि चोरों के खिलाफ शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, उल्टा उन्हें ही आरोपी बना दिया गया। दिनेश राऊत ने इस मामले की लिखित शिकायत नागपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक से भी की है। प्रेस वार्ता में उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए न्याय दिलाने की अपील की।

# बकरा ईद को लेकर पारशिवनी थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न

## थानेदार थोरात ने की शांति बनाए रखने की अपील

**पारशिवनी.**

आगामी बकरा ईद त्योहार को लेकर पारशिवनी थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक शुक्रवार को ठाणेदार राजेश कुमार थोरात की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शहर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े समाजसेवी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान ठाणेदार थोरात ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे बकरा ईद का त्योहार परंपरागत और शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं।

उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का आदर करें तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखें। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों की सहभागिता और सहयोग से ही हर त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकता है। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को अपने सहयोग का आश्वासन दिया।

# तुलसीराम लाड का सेवानिवृत्ति समारोह नगर परिषद सावनेर में संपन्न



**सावनेर.**

नगर परिषद सावनेर के पाणी पुरवठा विभाग में कार्यरत कर्मचारी तुलसीराम लाड के सेवानिवृत्त होने पर एक भावपूर्ण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद की मुख्याधिकारी बगडे, प्रशासकीय अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा उन्हें शॉल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया तथा भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं मुख्याधिकारी बगडे ने की। इस दौरान विभाग प्रमुख कले, निकोसे, चव्हाण, पाटिल, मोरे, कोलते, कांबले, धोते, मेंढे एवं संगठन के प्रमुख नेता देशमुख, लोहि, बोबडे, धंडोले, पगारे, पटले सहित अन्य कर्मचारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वाटकर ने किया और आभार प्रदर्शन श्री जांभुलकर ने किया। कार्यक्रम की सफलता में पाठक, विनय, बागडे, श्रवण, भौतेकर, मून, चाफेकर, आकाश, सूरज, भावना, राही, छाया, सारिका, निखिल आदि कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

नगर परिषद परिवार की ओर से तुलसीराम लाड को उनके सेवाकाल के लिए धन्यवाद दिया गया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त की गईं।

# खरीफ फसलों की बुआई से पूर्व कृषि कार्यशाला का आयोजन

**कोंढाली.**

कोंढाली कृषि मंडल अंतर्गत धुरखेडा गांव में दिनांक 31 मई को खरीफ फसलों की बुआई पूर्व कृषि कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला किसान विठ्ठलराव उके के खेत में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में सहायक कृषि अधिकारी प्रभाकर कुंभरे एवं कृषि सेवक महेश मिलमिले द्वारा किसानों को खरीफ फसलों की तैयारी से जुड़ी अहम जानकारी दी गई।

कार्यशाला के दौरान बीज चयन, बीज प्रसंस्करण, बुआई की विधि, मृदा परीक्षण, बीज परीक्षण, बीज अंकुरण परीक्षण एवं भूमि स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उर्वरकों के उपयोग पर मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही आपातकालीन फसल योजना की जानकारी भी दी गई जिससे किसान प्राकृतिक आपदाओं के समय भी अपनी उपज सुरक्षित रख सकें।



कृषि सेवक मिलमिले ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही महात्मा गांधी उद्यान रोपण योजना, भाऊसाहेब फुंडकर उद्यान रोपण योजना सहित अन्य कृषि योजनाओं की जानकारी भी किसानों को दी।

इस कार्यशाला में धुरखेडा ग्राम के सरपंच, उपसरपंच, अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान भाई उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्देश्य खरीफ सीजन की बेहतर तैयारी के लिए किसानों को मार्गदर्शन प्रदान करना था, जिसे किसानों ने काफी सराहा।

# शांतिकुंज हरिद्वार की व्यसन मुक्ति जनजागृति रैली

**कामठी.**



तंबाकू निर्मूलन दिवस पर गायत्री परिवार कामठी द्वारा संचालित 52 दिवसीय निशुल्क बाल संस्कारशाला शिविर में 11 स्कूलों से आ रहे बच्चों द्वारा व्यसन से बचाव सृजन में लगाओ घोष वाक्य शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री स्वास्थ्य उपवन से व्यसन मुक्ति जन जागृति रैली निकाली गई।

रैली में बच्चों ने गुटखा खाओ गाल लगाओ, अपनी अर्थी खुद उठाओ। तथा बीड़ी पीकर खास रहा है, मौत के आगे नाच रहा है, जैसे नारे लगाए। रैली बजरंग पार्क, हनुमान मंदिर परिसर में पहुंची यहां बच्चों ने एक नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत की जिसमें दर्शाया गया शराबी के दोही ठिकाने अस्पताल जाए या थाने। अंत में एक व्यसन मुक्ति गीत नशा न करना मानलो कहना प्यारे भाई बहना। हुआ नागरिकों से व्यसन मुक्त रहने का संकल्प पत्र भरवारा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी अनिल गंडाइत ने की। मुख्य अतिथि के रुप में जूना पोलिस स्टेशन से पोलिस उप निरीक्षक मीना झाड़े ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि इस विषय पर इतना प्रभावी आकर्षक बच्चों का कार्यक्रम उन्होंने पहली बार देखा है। इसका विडियो स्कूलों में दिखलाकर जन जागृति में मदद मिलेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में निलेश अग्रवाल, राजेन्द्र खंडेलवाल, राजकुमार चौरसिया, अशोक पाठक, आकाश टोहने, वनिता बेन कोठारी, अतुल भैया सहित सभी गायत्री परिजनों का सहयोग रहा।

# आदिवासी बहुल क्षेत्रों की उपेक्षा

## चिखली-नागाझरी, मासोद-धानोली सड़कमार्ग जर्जर हालत में

## स्कूली छात्रों की बस सेवा भी हो सकती है प्रभावित

**कोंढाली.**



काटोल तहसील के आदिवासी बहुल क्षेत्रों जैसे मासोद-घोडाडोंगरी, चिखली-नागाझरी के सड़क मार्ग इन दिनों बेहद जर्जर हो चुके हैं। इन मार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे होने से आम नागरिकों को आवाजाही में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अगर समय रहते इन सड़कों की मरम्मत नहीं हुई, तो स्कूली छात्रों की बस सेवा भी प्रभावित हो सकती है।

स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं ने इन सड़कों के मरम्मत हेतु कई बार प्रस्ताव भेजे हैं, लेकिन वित्तीय अभाव के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। पिछले दो-तीन वर्षों से लगातार हो रही अतिवृष्टि के चलते मासोद, घोडाडोंगरी, धानोली, चिखली और नागाझरी को जोड़ने वाली सड़कें पूरी तरह से टूट चुकी हैं। पहले से ही खस्ताहाल इन सड़कों की स्थिति अब और भी बदतर हो गई है।

इन सड़कों से आने-जाने वाले आदिवासी नागरिक, किसान और छात्र बेहद परेशान हैं। चिखली से नागाझरी और मासोद से धानोली तक की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। स्थिति यह है कि यह समझना मुश्किल है कि गड्ढों में सड़क है या सड़क में गड्ढे।

इसी प्रकार नागपुर-अमरावती राष्ट्रीय राजमार्ग के पास के ग्रामीण क्षेत्र जैसे जामगढ, खैरी-जामगढ, खैरी-तरोडा, कोंढाली-दोडकी-पुसागोंदी की सड़कें भी बदहाल हैं।

**एस.टी. बस सेवा पर भी खतरा**

चिखली-नागाझरी मार्ग की खराब हालत के कारण छात्रों के लिए चलाई जा रही एस.टी. बस सेवा भी प्रभावित होने की संभावना है।

इस संदर्भ में मासोद की सरपंच रंजू प्रकाश बारंगे, चिखली के सरपंच राजकुमार चोपडे, राजू धोटे, सुनिल धोटे, पूर्व सरपंच हरिदास चोपडे, मिनीवाडा-मसाडा ग्राम पंचायत के उपसरपंच विजय डेहनकर, पूर्व उपसरपंच पदम पाटील डेहनकर, काटोल तहसील काउंसिल फॉर ह्यूमन राइट्स के अध्यक्ष बब्लु बिसेन, स्थानीय किसान, छात्र और उनके अभिभावकों ने मिलकर विधायक चरणसिंग ठाकुर, लोक निर्माण विभाग के उपविभागीय अभियंता, जिला परिषद, पंचायत समिति के बी.डी.ओ. और अन्य संबंधित अधिकारियों से बार-बार सड़क मरम्मत कार्य में सहयोग की मांग की है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि चिखली-नागाझरी और मासोद-धानोली मार्गों को 'फ्लड डैमेज' श्रेणी के अंतर्गत लाकर जल्द से जल्द सड़क मरम्मत का कार्य शुरू किया जाए, ताकि आदिवासी क्षेत्रों की जनता को राहत मिल सके।

# राम गणेश गडकरी महाविद्यालय में मनाई गई पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की 300वीं जयंती




**सावनेर.**

राजमाता पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में राम गणेश गडकरी जूनियर एवं सीनियर महाविद्यालय, सावनेर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरे देश में मनाई जा रही इस ऐतिहासिक जयंती को महाविद्यालय में भी बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदकृपा ग्रामीण विकास बहुउद्देशीय शिक्षा संस्थान के सचिव प्रा. विजय टेकाड़े ने की। वहीं, कार्यक्रम में पंचायत समिति सावनेर के विषय विशेषज्ञ उमेशजी धोटे, मूक बधिर विद्यालय के शिक्षक विनोदजी घोलप एवं महाविद्यालय की प्राचार्य शोभा ताजने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों द्वारा पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्यादेवी होलकर की प्रतिमा का पूजन एवं माल्यार्पण किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य शोभा ताजने ने राजमाता अहिल्यादेवी होलकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समाज को उनके कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए, विशेषतः महिलाओं के उत्थान और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रा. सुशीला गजभिये, प्रा. मीना फुले, प्रा. अश्विनी चिमलवार, वरिष्ठ लिपिक विजय फलके तथा गोपाल मोंढे का विशेष योगदान रहा। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में इतिहास, संस्कृति एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति नई चेतना का संचार किया।

# एनसीपी अपने दम पर लड़ेगी निकाय चुनाव

## विधायक करेमोरे ने दी बड़ी जानकारी, कहा- असली ताकत चलती है पता

**भंडारा.**



सुप्रीम कोर्ट के आदेश पश्च्यात राज्य की सभी राजनीतिक दल चुनाव की तैयारी में लग गए हैं। राज्य की सत्ता में बैठी महायुति के घटक दल एक साथ चुनाव लड़ेंगे या अकेले अकेले इसको लेकर चर्चाओं का दौर शुरू है। इसी बीच एनसीपी नेता और तुमसर विधायक राजू कारेमोरे ने बड़ा बयान दिया है। एक निजी समाचार चैनल से बात करते हुए कारेमोरे ने कहा कि, "पंचायत समिति, जिला परिषद, नगर परिषद और नगर पालिका चुनाव में एनसीपी अजित पवार गुट अकेले लड़ेगा। इससे पार्टी, कार्यकर्ताओं और नेताओं की ताकत का पता चलता है। ये चुनाव जमीनी स्तर तक पहुंचने का एक तरीका है। इससे कार्यकर्ताओं का विकास होता है, उनके गुणों का पता चलता है। इसलिए हमारी पार्टी अपने दम पर चुनाव लड़ेगी, इसी को ध्यान में रखकर तैयारी चल रही है।"

आगामी निकाय चुनाव को लेकर पूछे सवाल पर बोलते हुए एनसीपी विधायक ने कहा, "बूथों का निर्माण कार्य चल रहा है। नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम चल रहा है। नए सदस्य बनाए जा रहे हैं। विदर्भ में पार्टी के छह विधायक और एक मंत्री हैं। प्रफुल पटेल के नेतृत्व में काम चल रहा है। विधानसभा के छह विधायकों और विधान परिषद के विधायकों को जिम्मेदारी दी गई है।"

**एकेले लड़ना या रहना आलाकमान तय करेगा :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा था कि कुछ जगहों पर गठबंधन होगा और कुछ जगहों पर हम अपने दम पर लड़ेंगे।

इस पर राजू करमोरे ने कहा, यह फैसला पार्टी नेतृत्व करेगा। हमने अपनी ताकत के लिए तैयारी की है। पार्टी जो भी फैसला लेगी, वह स्वीकार्य होगा। अपने दम पर लड़ने के बाद फिर से एक साथ आने का फैसला पार्टी नेतृत्व करेगा।

### कोरोना के समय किये कामों को लेकर जाएंगे

आगामी चुनाव में एनसीपी किन मुद्दों को लेकर जमीन पर जाएगी इसको लेकर भी कारेमोरे ने जानकारी दी। एनसीपी विधायक ने कहा, "अजितदादा जिस गति से काम करते हैं, वह आम लोगों को न्याय दिलाने की कोशिश करते हैं। कोरोना संकट के दौरान उन्होंने जो वित्तीय योजना बनाई, उससे राज्य के लोगों को राहत मिली। इसी को ध्यान में रखते हुए वे मुद्दों को लेकर लोगों के बीच जाएंगे।"

# एलसीबी ने आलेगांव में वर्ली मटका जुआ अड्डे पर मारा छापा, छह गिरफ्तार

**अकोला:**



स्थानीय अपराध शाखा की अकोला टीम ने पातुर तालुका के चन्नी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आलेगांव में पुलिस चौकी से मात्र सौ फीट की दूरी पर संचालित वर्ली मटका जुआ अड्डे पर छापा मारकर छह लोगों को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने 2 लाख 14 हजार 290 रुपए का कीमती सामान जब्त किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अर्चित चांडक के मौखिक आदेश पर की गई।

स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक शंकर शेलके के निर्देश पर एलसीबी टीम ने चन्नी पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत आलेगांव में अवैध जुआ अड्डे पर छापा मारा। इस दौरान छह आरोपी वर्ली मटका खेलते पाए गए। पुलिस ने 26,290 रुपए नकद, 1,60,000 रुपए की तीन मोटरसाइकिल, 21,000 रुपए के तीन मोबाइल फोन, 6,000 रुपए की छह प्लास्टिक की कुर्सियां और 1,000 रुपए के दो पानी के डिब्बे, कुल 2,14,290 रुपए जब्त किए।

इस मामले में गणेश ज्ञानदेव देऊलकर उम्र 52 वर्ष निवासी मालीपुरा, आलेगांव, तल्याराखा कालेखा उम्र 64 वर्ष निवासी वंजारीपुरा, आलेगांव, सैयद इमरान सैयद ख्वाजा उम्र 40 वर्ष, सरकारी अस्पताल के पास, अलेगांव, राहुल देवेन्द्र सरकटे उम्र 44 वर्ष, निवासी अम्बाशी, ताल पातुर, प्रफुल्ल शालिग्राम जाधव उम्र 35 वर्ष, निवासी भिंडी महल, ताल बार्शीटाकली और विष्णु आनंद तिवाले, उम्र 49 वर्ष, उमरवाड़ी, ताल पातुर के निवासी के खिलाफ चन्नी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

# सांसद अमर काले ने तमिलनाडु दौरे में संसदीय आश्वासन समिति की बैठकों में उठाए कई अहम मुद्दे

**वर्धा.**

सांसदीय आश्वासन समिति के 27 मई से 29 मई 2025 तक ऊटी (तमिलनाडु) में आयोजित अध्ययन दौरे के दौरान वर्धा लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री अमर काले ने समिति के सदस्य के रूप में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई।

दौरे की शुरुआत में रेल मंत्रालय तथा इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर हाइड्रोजन ट्रेन तकनीक पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद, आयुष मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक में आयुर्वेदिक चिकित्सा के प्रचार-प्रसार और तमिलनाडु में आयुष मेडिकल कॉलेज एवं अनुसंधान केंद्र की स्थापना पर विचार-विमर्श किया गया।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में नाबालिगों के बीच तंबाकू सेवन को रोकने हेतु नियमों और उपायों पर मंथन हुआ। वहीं, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के प्रतिनिधियों से सस्ती और हरित हाइड्रोजन उत्पादन की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

29 मई को रक्षा मंत्रालय के सैन्य मामलों के विभाग से जुड़ी बैठक में सैन्य स्कूलों में शिक्षकों को पुरस्कार देने की आवश्यकता और मेजर व कैप्टन स्तर के अधिकारियों की कमी को दूर करने के उपायों पर बात की गई।

इसके अलावा राष्ट्रीय पशुपालन मिशन के अंतर्गत पशुपालन, मत्स्य पालन और डेयरी मंत्रालय के अधिकारियों के साथ पशुपालन और डेयरी विकास के मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही टोल बूथों पर हो रही धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार को लेकर भी गहन चर्चा की गई ताकि राजमार्गों का सुचारू प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

इस अध्ययन दौरे में समिति के अध्यक्ष हरेंद्रसिंग मलिक समेत अमर काले, अनिल बलूनी, राजकुमार चहर, योगेंद्र चंडोलिया, मोहम्मद रकीबुल हुसेन, कनिमोळी करुणानिधि, डॉ. प्रभा मल्लिकार्जुन, रामप्रीत मंडल, खगेन मुर्मू, देवेंद्रसिंग उर्फ भोलेसिंग, धर्मबीर सिंह और ई. तुकाराम जैसे सांसद भी समिति के सदस्य के रूप में उपस्थित रहे।

यह दौरा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों से जुड़े महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा और समाधान खोजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# आज विश्व हिंद परिषद मातृशक्ति विदर्भ प्रांत अध्ययन वर्ग का भव्य शुभारंभ वर्धा में



**वर्धा.** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति विदर्भ प्रांत के चार दिवसीय अध्ययन वर्ग का भव्य शुभारंभ आज वर्धा स्थित मुंडले सांस्कृतिक हॉल में हुआ। इस अवसर पर विदर्भ प्रांत के विभिन्न जिलों से 140 मातृशक्तियों ने सहभागिता की।

इस अध्ययन वर्ग का उद्घाटन वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विनायकराव देशपांडे द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में विहिप विदर्भ प्रांत के मंत्री प्रशांत तितरे, मातृशक्ति विदर्भ प्रांत की संयोजिका कांचन ठाकरे, सह संयोजिका डॉ. सीमा पांढरकर, एवं विभाग संयोजिका अनुराधा महाकालकर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता विनायकराव देशपांडे ने अपने उद्बोधन में संगठन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, "हिंदुओं को संगठित होने की आवश्यकता है। संगठन शक्ति का प्रतीक है और हर कार्यकर्ता को इसके लिए समय देना चाहिए। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण ने भी अपने जीवन में संगठन को अपनाया और उसी राह पर हमें भी चलना चाहिए।" यह अध्ययन वर्ग 1 जून तक चलेगा। आयोजन की सफलता के लिए वर्धा जिला विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, एवं मातृशक्ति की टीम ने अथक परिश्रम किया। आयोजन की व्यवस्थाओं में प्रमुख रूप से सुश्री वंदना चाफले, जया गोबाडे, विद्या पेंडके, अर्चना कोल्हे, रूपा इंगोले, सनिया जुनेजा, तथा गोहत्रे का पूर्णकालिक योगदान रहा।

कार्यक्रम का उद्देश्य मातृशक्ति को संगठनात्मक दृष्टिकोण से सशक्त करना और सामाजिक जागरूकता के लिए तैयार करना है। चार दिनों तक चलने वाले इस वर्ग में विविध विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

# काशी नदी पर बने टूटे बांध की हो मरम्मत

## किसानों ने सांसद और पूर्व पालकमंत्री को दिया ज्ञापन

**अमरावती:**

मोर्शी तहसील के विष्णोरा में 2018 और 19 में स्थानीय काशी नदी पर किसानों को टाटा ट्रस्ट और महाराष्ट्र सरकार के संयुक्त कोष से उनकी फसलों के लिए भरपूर पानी मुहैया कराया गया ताकि किसानों का उत्पादन बढ़े। साथ ही जलस्त्रोत का जलस्तर भी बढ़े. ऐसा करने के लिए काशी नदी पर चार किलोमीटर लंबी नदी को गहरा किया गया और उस नदी पर पानी जमा करने के लिए पांच सीमेंट बांध भी बनाए गए. इससे नदी के तल में बड़ी मात्रा में पानी जमा हो गया. साथ ही जलस्त्रोत का स्तर भी बढ़ गया.

हालांकि, दो साल पहले बड़े पैमाने पर बाढ़ आने के कारण काशी नदी पर बने बांध टूट गए और बांधों में पानी नहीं रुका और किसानों को कावड़ी का लाभ नहीं मिला. इसके विपरीत, विष्णोरा में दो किसानों के खेत बाढ़ के कारण बह गए और चूंकि इस वर्ष भी यही स्थिति हो रही है, इसलिए ग्राम पंचायत के माध्यम से सांसद और पूर्व पालकमंत्री को ज्ञापन भी दिया गया। हालांकि, अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है और ऐसा देखा जा रहा है कि सरकार का करोड़ों रुपए का खर्च पानी में बह गया है। किसानों के खेतों को कोई नुकसान न हो और सरकार का करोड़ों रुपए का खर्च व्यर्थ न जाए, इस पर प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है। किसानों ने मांग की है कि संबंधित अधिकारी तुरंत फटे बांध और बह गए खेतों का निरीक्षण करें और बांध की मरम्मत करें।



# ग्राम गीतादास रामकृष्ण अत्रे जयंती महोत्सव 2 जून को, विविध कार्यक्रमों का आयोजन

## गुरुदेव भक्तों से उपस्थिति की अपील

**वर्धा.**

संत लहानुजी महाराज के निस्वार्थ सेवक और ग्राम गीत के समर्पित प्रचारक ग्राम गीतादास आचार्य रामकृष्ण अत्रे महाराज की 75वीं जयंती पर एक भव्य महोत्सव का आयोजन 2 जून 2025 को वर्धा स्थित लहानुजी महाराज मंदिर में किया जा रहा है। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

आचार्य अत्रे महाराज ने पूज्य ग्रामगीताचार्य रामकृष्णदादा बेलूरकर के सान्निध्य में रहकर ग्रामगीत आंदोलन को न केवल आगे बढ़ाया, बल्कि हजारों शिष्यों को संस्कारों के माध्यम से एक सुसंस्कृत जीवन का मार्ग दिखाया। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन मानव विकास, ज्ञान और कर्म की साधना में समर्पित किया।



इस जयंती महोत्सव में वं.रा.तु.म. युवा मंच के प्रमुख सदस्य चेतनदादा परलीकर, रमेश भोले, बबनराव गोलाईत, शांताराम सोरटे, सचिन सिंघम तथा सुरेन्द्र बेलूरकर अपने विचार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 2 जून को शाम 6 बजे होगा। यह आयोजन आद्य ग्राम गीताचार्य रामकृष्णदादा बेलूरकर घुमता वाचनालय सेवाग्राम एवं लहानुजी महाराज देवस्थान वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। जयंती महोत्सव के अंतर्गत वरुड सेवाग्राम तथा करंजी भोगे में ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक शिविर की शुरुआत भी हो चुकी है। बबन गोलाईत एवं सचिन सिंघम ने सभी गुरुदेव भक्तों से इस पुण्य अवसर पर 2 जून को शाम 6 बजे लहानुजी महाराज मंदिर, वर्धा में उपस्थित होने की अपील की है। यह आयोजन न केवल श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि संस्कारों की परंपरा को जीवित रखने का एक सशक्त माध्यम भी है।

# फासे पारधी समाज ने विधायक रवि राणा के आवास के बाहर दिया धरना

**अमरावती.**

फासे पारधी समुदाय के लिए स्वतंत्र वित्तीय निगम की स्थापना की मांग को लेकर मतिन भोसले के नेतृत्व में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विधायक रवि राणा के गंगा सावित्री निवास पर धरना दिया। फासे पारधी समुदाय अभी भी मुख्यधारा से दूर है और मांग की गई कि सरकार को उनकी शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक प्रगति के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

प्रदर्शनकारियों ने इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया कि राज्य में अन्य समुदायों के लिए वित्तीय निगम स्थापित किए गए हैं, लेकिन फासे पारधी समुदाय के लिए अभी तक स्वतंत्र निगम की स्थापना नहीं की गई है। यह भी जोरदार मांग की गई कि समुदाय के समग्र विकास के लिए 1500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जाना चाहिए और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ एक बैठक आयोजित की जानी चाहिए।



विधायक रवि राणा ने धरना स्थल पर प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस मामले पर मुख्यमंत्री और आदिवासी विकास मंत्री के साथ चर्चा की थी और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। इसलिए, विरोध को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया था। हालांकि, मतिन भोसले ने चेतावनी दी कि अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे फिर से विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, "अगली बार हम विधायक राणा के आवास के बाहर धोपती प्रदर्शन करेंगे, वहीं रहेंगे और वहीं सोएंगे।"

# मांडगांव शिवार में देशी-विदेशी शराब और कार समेत का ₹5.02 लाख का माल जब्त

**हिंगनघाट.**

स्थानीय अपराध शाखा, वर्धा की एक बड़ी कार्रवाई के तहत हिंगणघाट थाना क्षेत्र के मांडगाव शिवार में नाकेबंदी के दौरान कार समेत देशी और विदेशी शराब का कुल ₹5,02,550/- मूल्य का अवैध माल जब्त किया गया।

यह कार्रवाई दिनांक 30 मई 2025 को रात्रि के समय की गई, जब स्थानीय अपराध शाखा, वर्धा की टीम हिंगणघाट डिवीजन में अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखने हेतु गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली पक्की सूचना के आधार पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

सूचना के अनुसार आरोपी जितेंद्र उर्फ जितू ठाकुर रणजीत सिंह (उम्र 31 वर्ष, निवासी हिंद नगर, रामनगर, वर्धा) अपनी सिल्वर रंग की सुझुकी अल्टो कार में मांडगाव से वर्धा की ओर अवैध रूप से देशी व विदेशी शराब लेकर जा रहा था। सूचना के आधार पर मांडगाव क्षेत्र में




नाकेबंदी की गई और आरोपी की कार को रोक कर तलाशी लेने पर उसमें बड़ी मात्रा में शराब बरामद हुई। कार और शराब सहित कुल ₹5,02,550/- मूल्य का माल जब्त किया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसे यह शराब लिओ पोर्ट बार, नि. असोला सावंगी, जिला नागपुर के मालिक से प्राप्त हुई थी। इस जानकारी के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ हिंगनघाट पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

इस कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवडे के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी के नेतृत्व में स्थानीय अपराध शाखा, वर्धा की टीम के पुलिस कर्मचारी शेखर डोंगरे, सचिन इंगोले, प्रमोद पिसे, गजानन दरणे, रामकिसन इप्पर, विकास मुंडे, सुगम चौधरी, अरविंद इंगोले, शुभम राऊत और राहुल अधवाल ने अंजाम दिया।

# रामपुरी कैंप से 10.43 लाख रुपये का गुटखा जप्त

## पुलिस और अन्न व आपूर्ति विभाग की संयुक्त कार्रवाई

**अमरावती.** अमरावती के पुलिस आयुक्त अरविंद चावसिया द्वारा पदभार ग्रहण करते ही शहर पुलिस ने गुटखा माफियाओं पर सख्त कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में पिछले चार दिनों में तीसरी बड़ी कार्रवाई हुई है, जिसमें पुलिस ने शहर के रामपुरी कॅम्प क्षेत्र में छापा मारकर 10 लाख 43 हजार रुपये का गुटखा जब्त किया है।

अमरावती के नए पुलिस आयुक्त ने अपना कार्यभार सँभालने के साथ ही शहर में कानून-व्यवस्था पर गंभीरता से कार्य शुरू की है। इसके तहत सबसे पहले अवैध कारोबार करने वालों पर नकेल कसा जा रहा है। ऐसे ही क्राइम ब्रांच को गश्त के दौरान सूचना मिली कि रामपुरी कॅम्प में स्थित एक मकान में बड़े पैमाने पर गुटखा जमा किया गया है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने अन्न सुरक्षा अधिकारी गजानन गोरे के साथ मिलकर छापा मारा।

परिसर में रहने वाले राजेश केसवाणी के घर की तलाशी ली गई, जहां दो बंद कमरों में गुटखे की बड़ी खेप पाई गई। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि यह गुटखा बिक्री के उद्देश्य से लाया गया था। पुलिस ने गुटखा जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। अन्न सुरक्षा अधिकारी गजानन गोरे की शिकायत पर गाडगेनगर पुलिस स्टेशन में राजेश केसवाणी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई से शहर में गुटखा माफियाओं में खलबली मच गई है ।

# 102 वर्ष पुरानी गौरक्षण संस्था में हर महीने 5 से 6 गौवंशों की मृत्यु; क्या यह 'गौहत्या' नहीं?

**हिंगनघाट.**

शहर में स्थित ब्रिटिश काल की 102 साल पुरानी गौरक्षण संस्था आज अपने अस्तित्व के सबसे शर्मनाक दौर से गुजर रही है। जिस संस्था की स्थापना गौमाता की रक्षा और सेवा के पवित्र उद्देश्य से की गई थी, वहीं आज हर महीने 5 से 6 गायें और बछड़े तड़प-तड़प कर दम तोड़ रहे हैं। यह परिस्थिति किसी दुर्घटना का नहीं, बल्कि एक अस्वीकार्य और अमानवीय उपेक्षा का परिणाम है।

**चारा-पानी होते हुए भी क्यों मर रही हैं गायें?** : संस्था में चारा और पानी की कमी नहीं है, लेकिन पशुओं की देखभाल के लिए पर्याप्त मनुष्यबल नहीं है। वहां कोई ऐसा जिम्मेदार समाजसेवी नहीं दिखता जो इस व्यवस्था की निगरानी कर सके। भीषण गर्मी के दौरान गौशाला में पंखे, कूलर जैसी कोई भी सुविधा नहीं है। गायों को बंद, अंधेरे कमरों में रखा जाता है, जहां वेंटिलेशन तक नहीं है। विदर्भ का तापमान 45 डिग्री के पार चला जाता है — ऐसे में इन मूक पशुओं की स्थिति की कल्पना भी रोंगटे खड़े कर देती है।

**नियमों की खुलेआम अवहेलना** : 'पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960' के तहत जानवरों के साथ अमानवीय व्यवहार करना अपराध है। इस अधिनियम की धारा 11(1)(एच) के अनुसार यदि किसी जानवर को समय पर भोजन, पानी, या पर्याप्त आश्रय न दिया जाए तो यह अपराध की श्रेणी में आता है।

धारा 11(1)(i) के तहत बीमार पशु को उपेक्षित हालत में खुले में छोड़ना भी कानूनी अपराध है। लेकिन हिंगणघाट की यह संस्था इन सभी कानूनों का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन कर रही है।

**गौशाला में चिकित्सा सुविधाओं का अभाव** : हालांकि यहां डॉक्टर की नियुक्ति बताई गई है, लेकिन



वास्तविकता यह है कि बीमार पशुओं को सही समय पर इलाज नहीं मिल रहा। इस संस्था में न कोई आंतररुग्ण विभाग (IPD) है और न ही आवश्यक उपकरण। यदि पशु गंभीर रूप से बीमार हो जाए, तो उन्हें किसी मान्यता प्राप्त पशु अस्पताल में रेफर किया जाना चाहिए – पर ऐसा नहीं होता।

**दूध वितरण और गंदगी का आलम** : संस्था में दूध देने वाली गायों से दूध निकाला जाता है, लेकिन साफ-सफाई की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। जहां दूध निकाला जाता है, वहां गंदगी और मक्खियों का साम्राज्य है। यही दूध शहर के लगभग 80 कार्डधारकों को मात्र ₹ 45 प्रति लीटर की दर पर वितरित किया जाता है। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि यदि इतनी बड़ी संस्था को दान भी प्राप्त हो रहा है तो फिर साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा और पशु कल्याण के लिए उचित प्रबंध क्यों नहीं?

**क्या यह गौहत्या नहीं?** : हम गौहत्या के विरोध में आवाज उठाते हैं, लेकिन जब उपेक्षा के कारण गौवंश मरते हैं, तो क्या यह 'गौहत्या' की ही श्रेणी में नहीं आता? जब कर्मचारी अपनी आंखों के सामने गाय-बछड़ों को मरते हुए देखते हैं, लेकिन कोई संवेदनशील कदम नहीं उठाते — तो यह पशु अधिनियम के तहत गंभीर अपराध है।

**प्रशासन और समाज को जागने की जरूरत** : इस संस्था की दुर्दशा अब स्थानीय प्रशासन और समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी बन चुकी है। समय आ गया है कि इस गौरक्षा संस्था की स्थिति पर तत्काल जांच, उत्तरदायित्व तय करना और पशु संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करना आवश्यक हो गया है।

यह रिपोर्ट पशु अधिकारों की दुर्दशा की ओर ध्यान आकर्षित करती है। समय रहते प्रशासन और नागरिकों को मिलकर ठोस कदम उठाने होंगे, ताकि ये मूक जीव और अधिक अन्याय का शिकार न हों।

# वेदांत कोलसे का अभिनव विचार मंच ने किया सत्कार

**हिंगनघाट.**

शहर के युवाओं के लिए गौरव का क्षण तब आया जब स्थानीय अभिनव विचार मंच ने वेदांत कोलसे का सत्कार किया। वेदांत प्रभाकर कोलसे ने केंद्रीय लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

इस विशेष उपलब्धि के उपलक्ष्य में अभिनव विचार मंच के सदस्यों ने रीठे कॉलोनी स्थित उनके निवास स्थान पर जाकर वेदांत का सम्मानपूर्वक सत्कार किया। वेदांत अब जल्द ही चेन्नई स्थित प्रतिष्ठित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी में सैन्य प्रशिक्षण हेतु शामिल होंगे। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद वे भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्त होंगे।

समारोह में अभिनव विचार मंच के प्रमुख सदस्य नितिन सुकळकर, चन्द्रशेखर रेवतकर, ओम प्रकाश मुडे, विकास नागरकर, अरविन्द दहापुते, किशोर उकेकर, बाबाराव मस्कर, मिलिंद सावरकर, चन्द्रशेखर दाते, नीलेश बिडकर, हेमंत महाजन, विजय धात्रक, किरण गैरवार, अजय बिरे, शरद वाघमारे, विजय लिचाडे, महेंद्र पर्वत सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

इस मौके पर वेदांत के माता-पिता, प्रभाकर कोलसे और उनका पूरा परिवार भी उपस्थित रहा। सभी ने वेदांत को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हिंगणघाट शहर के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है कि यहां का एक युवा देश की सेवा के लिए भारतीय सेना का हिस्सा बनने जा रहा है।




# कामठी में शांति समिति की बैठक

## > त्योहारों पर लिया गया अहम निर्णय





**कामठी.**

शुक्रवार को शाम में शांति समिति की बैठक संयुक्त रूप से नवीन कामठी थाना व जूना कामठी थाना के शांतता समिति सदस्यों के साथ नवीन कामठी पुलिस थाना परिसर में हुई, जिसमें नागपुर शहर परिमंडल क्र पांच के सहायक पुलिस आयुक्त विशाल क्षीरसागर की अध्यक्षता में आगामी त्योहार व पर्व शांतिपूर्वक, सद्भाव के साथ मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

इस बैठक में नवीन कामठी थाना के प्रभारी वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुहास राउत (यशोधरा थाना), जूना कामठी थाना के प्रभारी वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुरेश मट्टामी (पारडी थाना), जूना कामठी थाना के सहायक पुलिस निरीक्षक मनीष हिवरकर, नगर परिषद स्वास्थ्य विभाग के अमोल करवटकर ने हिंदू व मुस्लिम दोनों समाज के लोगों से चर्चा करते हुए बकरीद व आगामी सभी पर्व त्यौहार सद्भाव के साथ मनाने को लेकर चर्चा की। बैठक में मुख्य उद्देश्यों में पुलिस और प्रशासन की ओर से त्योहारों के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम पर चर्चा हुई। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी की जाएगी।

सभी नागरिकों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों से त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने का आग्रह किया गया है। त्योहारों के दौरान आवश्यक सुविधाओं जैसे पानी, बिजली और साफ-सफाई की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई है।

**ज्ञात हो कि आगामी आने वाले कुछ प्रमुख त्योहार हैं:** बकरीद / ईद अल-अधा 7 जून, शनिवार को पड़ने वाला यह मुस्लिम समुदाय का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। गंगा दशहरा: 5 जून, गुरुवार को मनाया जाएगा।

**निर्जला एकादशी :** 6 जून, शुक्रवार को मनाई जाएगी। वट पूर्णिमा व्रत : 10 जून, मंगलवार को मनाया जाएगा। इन त्योहारों के शांतिपूर्ण और सुरक्षित आयोजन के लिए प्रशासन ने पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी है। बता दें कि बैठक में उपस्थित जनों में उपसंपादक सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी, नगर परिषद पूर्व सभापति नियाज़ अहमद कुरैशी, सामाजिक कार्यकर्ता बंटी पिल्ले, ऑल इंडिया जमेतुल कुरैशी संगठन के इरशाद कुरैशी, अलताफ अहमद कुरैशी, फारूक कुरैशी, सामाजिक कार्यकर्ता अज़मत कमाल, रियाज़ अहमद, ज़ाकिर भाई आदि गणमान्य व सदस्यों ने अपने सुझाव भी दिए। प्रशासनिक अधिकारियों ने सुझाव को नोट करते हुए उन पर अमल करने का आश्वासन भी दिया।

इस बैठक में खुफिया विभाग के अखिलेश राय ठाकुर, अंकित ठाकुर, उपनिरीक्षक जितेंद्र तिवारी सहित अन्य अधिकारी व शांतता समिति के सदस्य भी प्रमुखता से मौजुद रहें।

# डॉ. चारुदत्त मायी को 2025 का आईसीएसी कपास वैज्ञानिक पुरस्कार

**नई दिल्ली.**



अंतरराष्ट्रीय कपास सलाहकार समिति ने प्रसिद्ध भारतीय कपास वैज्ञानिक डॉ. चारुदत्त मायी को वर्ष 2025 के लिए 'आईसीएसी कपास वैज्ञानिक' पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। यह सम्मान कपास विज्ञान में उनके असाधारण योगदान और वैश्विक स्तर पर उनके प्रभाव के लिए प्रदान किया जा रहा है। 80 वर्षीय डॉ. मायी इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाने वाले केवल दूसरे भारतीय वैज्ञानिक हैं जिन्होंने पिछले 17 वर्षों में यह उपलब्धि हासिल की है। डॉ. मायी वर्तमान में एग्रोविजन के अध्यक्ष, एग्रोविजन फाउंडेशन के सचिव और जोधपुर स्थित साउथ एशिया बायोटेक्नोलॉजी सेंटर के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। जब वे अपने दिवंगत पिता के साथ कपास के खेतों में काम किया करते थे। उन्हीं खेतों से जुड़ा यह गहरा अनुभव उन्हें जीवनभर कपास किसानों की सेवा के लिए प्रेरित करता रहा। डॉ. मायी का अनुसंधान करियर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान से शुरू हुआ। इसके बाद उन्होंने केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक; पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना और मराठवाड़ा कृषि विश्वविद्यालय (एमएयू), परभणी में शोध, शिक्षण और विस्तार कार्य में लगभग तीन दशकों तक सेवा दी। वे एमएयू परभणी के कुलपति, आईसीएआर-सीआईसीआर, नागपुर के निदेशक और भारत सरकार के कृषि आयुक्त भी रहे। वर्ष 2004 से 2011 तक उन्होंने आईसीएआर के कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। सेवानिवृत्ति के बाद भी डॉ. मायी कपास किसानों के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। वे बॉलवर्म प्रबंधन, एचडीपीएस, पोषण, मशीनीकरण और गुणवत्ता जैसे विषयों पर किसानों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उनका मानना है कि वर्षा आधारित खेती करने वाले किसान तभी लाभ कमा सकते हैं जब वे कम लागत में प्रति हेक्टेयर 600 किलोग्राम लिंट उत्पादकता हासिल करें। वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय ने कपास अनुसंधान में डॉ. मायी के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणास्त्रोत बताया है। युवा वैज्ञानिकों को प्रोत्साहन देने और वैश्विक स्तर पर भारतीय वैज्ञानिकों की पहचान स्थापित करने में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही है। डॉ. मायी को यह पुरस्कार 17 से 20 नवंबर 2025 तक तंजानिया के मवांजा में आयोजित होने वाली 83वीं आईसीएसी बैठक में प्रदान किया जाएगा, जिसमें 35 से 40 कपास उत्पादक देशों की सरकारें भाग लेंगी। पुरस्कार में ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और 1000 अमेरिकी डॉलर की सम्मान राशि शामिल है। इस वर्ष की बैठक का मुख्य विषय है – "ग्रामीण और औद्योगिक विकास के लिए टिकाऊ कपास और वस्त्र"। यह उपलब्धि न केवल डॉ. मायी के लिए गौरव का विषय है, बल्कि भारतीय कृषि वैज्ञानिक समुदाय के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है।

# आरएसटी कैंसर अस्पताल में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रैली

## > नाटक और जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नागपुर.**




आरएसटी कैंसर अस्पताल द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक भव्य जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना और तंबाकू मुक्त जीवनशैली को प्रोत्साहन देना था।

कार्यक्रम की शुरुआत मानव श्रृंखला और जागरूकता रैली से हुई, जिसमें कई सामाजिक संगठनों और संस्थानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके पश्चात तानिष्क नर्सिंग स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य और सामाजिक दुष्परिणामों को दर्शाया गया। मुख्य कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत दीप प्रज्वलन और संत तुकडोजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण से की गई। इस अवसर पर डॉ. रेवा शिवकला (मेडिकल रिसर्च साइंटिस्ट, एचबीसीआर) ने तंबाकू से संबंधित कैंसर और उससे जुड़े आँकड़ों पर आधारित एक विचारोत्तेजक प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया।

डॉ. विकास धनोरकर (अतिरिक्त निदेशक) ने स्वागत भाषण में आरएसटी कैंसर अस्पताल की सामाजिक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दीपक सेलोकर (चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी, नागपुर महानगरपालिका) ने तंबाकू की लत से होने वाले नुकसान पर प्रकाश डालते हुए इसे छोड़ने की सख्त आवश्यकता पर बल दिया। इस मौके पर डॉ. राजेश सावरबांधे, सुरेश केवलरमणि (कोषाध्यक्ष, कैंसर रिलीफ सोसायटी) सहित कई गणमान्य अतिथियों ने अपने विचार साझा किए। अन्य प्रमुख अतिथियों में डॉ. दिशा मेटवानी, डॉ. नितिन गुप्ता, डॉ. संजय देओतले, डॉ. समीर जहागीरदार, डॉ. अनिल बडवाईक, डॉ. अल्का कुमार, डॉ. नैनेश पटेल, डॉ. सचिन गाथे, डॉ. तुषार श्रीराव, डॉ. शर्मिष्ठा जोशी, शेंडे, अधिवक्ता घटोले, ज्ञानेश्वर रक्षक और परुलकर मौजूद रहे। आरएसटी कैंसर अस्पताल की ओर से डॉ. करतार सिंह, डॉ. आशीष महेशकर, डॉ. विजय चौबे एवं डॉ. प्रशांत सोमकुवर की गरिमामयी उपस्थिति रही। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन डॉ. बी. के. शर्मा ने किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहे वे दो कैंसर विजेता जिन्होंने तंबाकू छोड़कर एक नई शुरुआत की और अब समाज के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। उनके सम्मान ने कार्यक्रम को एक विशेष ऊंचाई प्रदान की।

इस अवसर पर तानिष्क नर्सिंग स्कूल के 50 से अधिक छात्रों ने सक्रिय भागीदारी कर आयोजन को सफल बनाया। आरएसटी कैंसर अस्पताल ने तंबाकू उन्मूलन, कैंसर जागरूकता और जन स्वास्थ्य की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया और भविष्य में भी इसी तरह के जनहितकारी प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया।

# कैडेंस अकैडमी का 25वां स्थापना दिवस




## > नए कैम्पस का भव्य उद्घाटन

**नागपुर.**

क्रिएटिव एजुकेशन के क्षेत्र में अग्रणी संस्था कैडेंस अकैडमी ऑफ डिझाइन अपने 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक ऐतिहासिक 3-इन-1 उत्सव का आयोजन कर रही है। इस भव्य आयोजन में नए धरमपेठ कॅम्पस का उद्घाटन, सिल्वर जुबली समारोह और 'पेरिस्टाइल 2025' वार्षिक इंटीरियर एवं फैशन प्रदर्शनी – ये तीनों उपलब्धियां एक साथ मनाई जा रही हैं। इस विशेष अवसर पर आईआईएम नागपुर के निदेशक डॉ. भीमराया मेत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और नए धरमपेठ कॅम्पस का उद्घाटन करेंगे। यह नया कॅम्पस कैडेंस का मुख्यालय भी होगा और इसे विदर्भ क्षेत्र का सबसे बड़ा फैशन और इंटीरियर डिजाइन संस्थान माना जा रहा है। नागपुर के मध्य स्थित यह आधुनिक कॅम्पस अत्याधुनिक क्लासरूम्स, स्टूडेंट्स कैफेटेरिया, क्रिएटिव स्पेसेस और भव्य मल्टीपर्पज हॉल से सुसज्जित है, जो मध्य भारत में डिजाइन शिक्षा के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित कर रहा है। 'पेरिस्टाइल 2025' कैडेंस अकैडमी का वार्षिक इंटीरियर और फैशन इवेंट है, जिसमें धरमपेठ हेड ऑफिस के छात्रों की रचनात्मक प्रस्तुतियां प्रदर्शित की जाएंगी। यह प्रदर्शनी 1 और 2 जून को दो दिनों तक चलेगी और आम जनता के लिए खुली रहेगी।

वर्ष 2000 में स्थापित कैडेंस अकैडमी आज देशभर में 12 से अधिक फ्रैंचाइज़ी सेंटरों के साथ एक प्रतिष्ठित संस्था बन चुकी है। अब तक यहां से 15,000 से अधिक छात्र फैशन डिज़ाइन, इंटीरियर डिज़ाइन और अन्य क्रिएटिव क्षेत्रों में सफलतापूर्वक स्नातक हो चुके हैं।

कैडेंस अकैडमी अपने भविष्य-दृष्टि वाले विज़न के अनुरूप, अब नवीनतम पोस्ट-ग्रेजुएट और शॉर्ट-टर्म कोर्सेस की शुरुआत भी कर रही है। इनमें प्रमुख रूप से मास्टर इन फैशन डिज़ाइन, मास्टर इन इंटीरियर डिज़ाइन, मॉडलिंग और पेजेंट ट्रेनिंग, एआई के साथ ग्राफिक डिज़ाइन, एडवांस ग्राफिक और विज्ञापन डिज़ाइन कोर्सेस शामिल हैं। इस सिल्वर जुबली के विशेष अवसर पर संस्था ने एक आकर्षक ऑफर की भी घोषणा की है – जो भी छात्र फैशन या इंटीरियर डिज़ाइन कोर्स में फुल पेमेंट के साथ एडमिशन लेंगे, उन्हें एक ब्रांडेड टैबलेट उपहार में दिया जाएगा।

कैडेंस अकैडमी प्रेस, शिक्षा क्षेत्र, क्रिएटिव इंडस्ट्री और आम नागरिकों से इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनने की अपील करती है।

# राज्य स्तरीय एकांकी नाटक प्रतियोगिता में थोरावी थिएटर प्रथम

**उमरेड.**



प्रख्यात रंगमंच कलाकार स्व. अमोल (काका) खोबरागड़े की पुण्यस्मृति में उनके परिवार ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें महाराष्ट्र राज्य स्तरीय मराठी एकांकी नाटक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यह आयोजन उमरेड स्थित दीनदयाल उपाध्याय रंगमंच पर संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में नागपुर के वी.पी. थोरावी थिएटर (छात्र प्रतिनिधि) ने प्रस्तुत एकांकी नाटक को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया।

विजेता टीम को 30,000 नकद, एक ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। यह पुरस्कार उमरेड विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय मेश्राम, महाराष्ट्र राज्य भाजपा के उपाध्यक्ष राजू पारवे ने प्रदान किया। इस अवसर की जानकारी उमरेड के सिविल ठेकेदार राजू वंडिले ने दी।

यह प्रतियोगिता न केवल रंगमंचीय प्रतिभाओं को मंच देने का प्रयास थी, बल्कि स्वर्गीय अमोल खोबरागड़े के रंगकर्म को यथोचित श्रद्धांजलि भी रही। निर्माण के लिए दूसरा पुरस्कार 20,000/- नकद, एक ट्रॉफी और एक प्रमाण पत्र, मुंबई के कलासक्त के एकांकी नाटक पेंडुलम ने जीता। यह पुरस्कार स्वर्गीय प्रभाताई मेश्राम जोगीथाना पेठ, उमरेड की स्मृति में दिया जाता है। यह जानकारी उमरेड के पत्रकार विनोद मेश्राम ने दी।

चंद्ररथ थियेटर, नागपुर के एकांकी नाटक 'रेन्स' ने 2.5 करोड़ रुपये एकत्र किये। तीसरा पुरस्कार 50,000 जीता। 10000/-. यह पुरस्कार स्वर्गीय हरिश्चंद्र गणवीर की स्मृति में सनत संजय गणवीर ने प्रदान किया।

**अन्य परिणाम इस प्रकार हैं:** निदेशक प्रथम तन्मय गंधे (वी.पी.), द्वितीय योगेश कदम, (पेंडुलम), तृतीय यशवंत चोपड़े (रेन शॉवर्स), पुरुष अभिनेता प्रथम सौरभ शेंडे (उत्तरायण), द्वितीय यशवंत चोपड़े (रेन शॉवर्स), तृतीय कक्षा 9वीं बी के सभी छात्र (वी.पी.आर.), महिला अभिनेता प्रथम सुहानी नाइक (साथ), द्वितीय भावना चौधरी (रेन शॉवर्स), तृतीय डॉ. यशश्री कंटक (पेंडुलम), बाल कलाकार प्रथम अंश केदार (चार्ली), द्वितीय मनवा धर्माधिकारी (संगीत वात्सल्य), मंच के पीछे प्रथम शिवम मस्के, स्तवन गवारे (वी.पी.आर.), द्वितीय पुण्यशील लांबट, हर्ष नागभिडे, ललित पिंपलकर (चार्ली)।

तृतीय देवयानी चोपड़े, धर्मेन्द्र चोपड़े (बारिश की बौछारें), संगीत प्रथम वैभव काले एवं समूह (म्यूजिकल लव), दूसरा अनुष्का शेंडे (चार्ली), तीसरा स्टावन गचारे (वी.पी.आर.)। प्रकाश डिजाइन प्रणव कोरे (वी.पी.आर.) द्वारा. दूसरा वृषभ धपोलकर (वर्षा की बौछारें)। तीसरा स्थान हर्षद सासने (दर्द पोरा) को मिला, पहला स्थान तन्मय गंधे (वी.पी.आर.) को मिला और दूसरा स्थान मनीष चौधरी (चार्ली) को मिला।

इस प्रतियोगिता में मुंबई, रत्नागिरी, नासिक, अमरावती, भंडारा और उमरेड की कुल 11 थिएटर कंपनियों ने अपने नाटक प्रस्तुत किये। परीक्षक का कार्य डॉ. नीलकंठ कुलसंगे, नागपुर, विष्णु निम्बालकर, अकोला एवं रूपराव कामडी और उमरेड ने इसकी देखभाल की। इस अवसर पर रंगमंच एवं फिल्म कलाकार देवेन्द्र दोडके उपस्थित थे। साथ ही मदन बुलकुंडे, अजय सनेसर, मंगेश काले, आदित्य बुलकुंडे को भी सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए संस्था के आयोजक कौस्तुभ पवार, हस्तदीप भोगे, राजेश गजभिए, रतन मेश्राम, अक्षय कोसे और संदीप लिंगाई ने कड़ी मेहनत की। अजय सनेसर, मंगेश काले, आदित्य बुलकुंडे, बब्लू खोबरागड़े, रीमा वानखेड़े, मनोज बोंद्रे, हितेश नागराले, माधवी गजभिये, बिवलानी बुलकुंडे, शिल्पा भोंगे, भारती लिंगाई। मीनल मारस्कोल्हे और किरण नागोसे ने कड़ी मेहनत की।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 260-8 | 567-8 |
| श्रीदेवी नाईट | 770-4 | 669-1 |


